प्रयागराज। आज हमारा देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व कोरोना विषाणु जनित महामारी से जूझ रहा है, क्योंकि इस बीमारी का अभी तक कोई प्रमाणिक इलाज या औषधि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इसके प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अत्यंत जरूरी है। इसी क्रम में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन के लॉक डाउन की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने 3 मई 2020 तक बढ़ा दिया है। उन्होंने सभी भारत वासियों से अपील की है कि सभी देशवासी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें तथा अपने सहयोगियों से भी अपील करें कि वह भी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों, शिक्षकों, परामर्शदाताओं सहित विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे आरोग्य सेतु से जुड़े और अन्य लोगों को भी जोड़कर कोरोना महामारी के विरुद्ध जागरूकता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कुलसचिव डॉ गुप्ता ने अपील की है कि लॉक डाउन के दौरान घर में रहें। हाथों को बार-बार साबुन से साफ करें। खांसते और छींकते समय रूमाल का प्रयोग करें। यदि अति आवश्यक हो तो बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें। सामाजिक दूरी बनाए रखें। चेहरे को बार-बार न छुएं। सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सामाजिक दूरी इस रोग की सबसे कारगर सावधानी है। इसके अलावा यदि खांसी, जुकाम, बुखार आदि के लक्षण प्रतीत हो तो शीघ्र डॉक्टर से संपर्क करें या हेल्पलाइन पर फोन करें। डॉ गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर कोरोना महामारी के खिलाफ व्यापक तैयारी एवं सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। विश्वविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था है। कैंपस को सैनिटाइज किया गया है। अति आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारियों को मास्क सैनिटाइजर आदि उपलब्ध कराए गए हैं। इस कार्य में संपत्ति अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया विशेष सहयोग दे रहे हैं। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह सभी शिक्षकों से अपील कर चुके हैं कि वह घर से ही छात्रों की समस्याओं का ऑनलाइन निस्तारण करें और यूट्यूब के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करते रहें।

वूमेन एक्सप्रेस
www.womenexpress.in
Email: thewomenexpress@gmail.com
Women Express
• वर्ष 8 • अंक 52 • हिन्दी दैनिक • नई दिल्ली बुधवार 15 अप्रैल 2020 • पृष्ठ 8 • मूल्य 1 रुपया • डाक पंजीयन DL (E)-20/5448/2017

मुक्त विश्वविद्यालय ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को किया याद

(विनोद मिश्रा/वूमेन एक्सप्रेस)

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग को बनाए रखते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से कहा कि विश्वविद्यालय परिवार की बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति असीम आस्था है। उन्होंने कहा कि आप सभी सुविज्ञ हैं कि विश्वव्यापी कोरोना जनित महामारी से निपटने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए भारत के सामूहिक संकल्प को मूर्त रूप देना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के रचयिता बाबा साहब ने संविधान की प्रस्तावना के प्रारंभ में हम भारत के लोग शब्दावली को शामिल करते हुए राष्ट्र की सामूहिक ऊर्जा को जागृत किया था, जो हम सभी के लिए राष्ट्र निर्माण हेतु ऊर्जा का पुंज है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में शामिल हम भारत के लोग को मूर्त रूप देने के लिए आज हम सभी को जाति, भाषा, क्षेत्र एवं संप्रदाय से ऊपर उठकर समाज एवं राष्ट्र हित में सोशल डिस्टेंसिंग को व्यवहार में अपनायें। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति समता और ममता का भाव रखते हुए संकल्प शक्ति जगाने का यही सही समय है।

RNI No.-UPHIN/2012/44803 हिन्दी दैनिक Email : harbaatftp @gmail.com
हर बात
आपके साथ
वर्ष : 09 अंक : 85 फतेहपुर, बुधवार, 15 अप्रैल, 2020, पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया
फतेहपुर
बुधवार, 15 अप्रैल, 2020

मुक्त विश्वविद्यालय ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को किया याद

हर बात संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग को बनाए रखते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रोफेसर सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से कहा कि विश्वविद्यालय परिवार की बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति असीम आस्था है। उन्होंने कहा कि आप सभी सुविज्ञ है कि विश्वव्यापी कोरोना जनित महामारी से निपटने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए भारत के सामूहिक संकल्प को मूर्त रूप देना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के रचयिता बाबा साहब ने संविधान की प्रस्तावना के प्रारंभ में 'हम भारत के लोग' शब्दावली को शामिल करते हुए राष्ट्र की सामूहिक ऊर्जा को जागृत किया था, जो हम सभी के लिए राष्ट्र निर्माण हेतु ऊर्जा का पुंज है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में शामिल 'हम भारत के लोग' को मूर्त रूप देने के लिए आज हम सभी को जाति, भाषा, क्षेत्र एवं संप्रदाय से ऊपर उठकर समाज एवं राष्ट्र हित में सोशल डिस्टेंसिंग को व्यवहार में अपनायें। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति समता और ममता का भाव रखते हुए संकल्प शक्ति जगाने का यही सही समय है।मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि उन्हों ने विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों से अपील की कि वे अपने अपने आवास पर डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

कुलपति प्रोफेसर सिंह की इस अपील पर कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, निदेशक गण, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित कर के कुलपति प्रोफेसर सिंह के निर्देशों का पालन किया।

RNI No.-UPHIN/2012/44803 हिन्दी दैनिक Email : harbaatftp @gmail.com
हर बात
आपके साथ
वर्ष : 09 अंक : 85 फतेहपुर, बुधवार, 15 अप्रैल, 2020, पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपया

आरोग्य सेतु एप अपनाएं मुविवि के शिक्षक-कुलसचिव

हर बात संवाददाता

प्रयागराज। आज हमारा देश ही नही वरन संपूर्ण विश्व कोरोना विषाणु जनित महामारी से जूझ रहा है, क्योंकि इस बीमारी का अभी तक कोई प्रमाणिक इलाज या औषधि उपलब्ध नही है। ऐसे मे इसके प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अत्यंत जरूरी है। इसी क्रम मे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन के लॉक डाउन की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने 3 मई 2020 तक बढ़ा दिया है। उन्होंने सभी भारत वासियों से अपील की है कि सभी देशवासी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें तथा अपने सहयोगियों से भी अपील करें कि वह भी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें।इसी क्रम मे उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों, शिक्षकों, परामर्शदाताओं सहित विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे आरोग्य सेतु से जुड़ें और अन्य लोगों को भी जोड़कर कोरोना महामारी के विरुद्ध जागरूकता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कुलसचिव डॉ गुप्त ने अपील की है कि लॉक डाउन के दौरान घर मे रहें। हाथों को बार-बार साबुन से साफ करें। खांसते और छींकते समय रुमाल का प्रयोग करें। यदि अति आवश्यक हो तो बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें। सामाजिक दूरी बनाए रखें। चेहरे को बार-बार न छुएं। सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सामाजिक दूरी इस रोग की सबसे कारगर सावधानी है। इसके अलावा यदि खांसी, जुकाम, बुखार आदि के लक्षण प्रतीत हो तो शीघ्र डॉक्टर से संपर्क करें या हेल्पलाइन पर फोन करें।डॉ गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर कोरोना महामारी के खिलाफ व्यापक तैयारी एवं सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। विश्वविद्यालय परिसर मे साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था है। कैंपस को सैनिटाइज किया गया है।अति आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारियों को मास्क सैनिटाइजर आदि उपलब्ध कराए गए है। इस कार्य मे संपत्ति अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया विशेष सहयोग दे रहे है।मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह सभी शिक्षकों से अपील कर चुके है कि वह घर से ही छात्रों की समस्याओं का ऑनलाइन निस्तारण करें और यूट्यूब के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करते रहें।

मुक्त चिंतन
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
MUKTA CHINTAN
A News Bulletin of U. P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
"हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ"
अप्रैल 2020 मंगलवार 14 अप्रैल 2020

Prabhat Chandra Mishra

मुविवि में फंसे मजदूरों को स्वयंसेवी संस्था ने कराया भोजन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय,प्रयागराज के फाफामऊ स्थित सरस्वती परिसर में ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य में लगे 20 मजदूरों को आज कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह की प्रेरणा से समाजसेवी अनीता सिंह ने अन्न एवं राशन मुहैया कराया।विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया ने इस कार्य के लिए स्वयंसेवी संगठनों से संपर्क साधा और इस कार्य में समाजसेवी अनीता सिंह ने आगे बढ़ते हुए मजदूरों के लिए भोजन की व्यवस्था कराई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह लगातार मजदूरों का ध्यान रख रहे हैं और उन्हें खाद्य सामग्री उपलब्ध करवा रहे हैं। इसी क्रम में आज डॉ भदौरिया की पहल पर जब अनीता सिंह और उनकी टीम के सदस्य विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में आए तो वहां मौजूद मजदूरों के चेहरे पर चमक आ गई। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह ने स्वयंसेवी संस्था द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की है।।

वूमेन एक्सप्रेस
www.womenexpress.in Email: thewomenexpress@gmail.com
Women Express tv
• वर्ष 8 • अंक 53 • हिन्दी दैनिक • नई दिल्ली गुरुवार 16 अप्रैल 2020 • पृष्ठ 8 • मूल्य 1 रुपया • डाक पंजीयन DL (E)-20/5448/2017-19

आरोग्य सेतु एप अपनाएं मुविवि के शिक्षकः कुलसचिव

(विनोद मिश्रा/वूमेन एक्सप्रेस)

प्रयागराज । आज हमारा देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व कोरोना विषाणु जनित महामारी से जूझ रहा है, क्योंकि इस बीमारी का अभी तक कोई प्रमाणिक इलाज या औषधि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इसके प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अत्यंत जरूरी है। इसी क्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन के लॉक डाउन की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने 3 मई 2020 तक बढ़ा दिया है। उन्होंने सभी भारत वासियों से अपील की है कि सभी देशवासी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें तथा अपने सहयोगियों से भी अपील करें कि वह भी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों, शिक्षकों, परामर्शदाताओं सहित विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे आरोग्य सेतु से जुड़ें और अन्य लोगों को भी जोड़कर कोरोना महामारी के विरुद्ध जागरूकता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित

करें। कुलसचिव डॉ गुप्त ने अपील की है कि लॉक डाउन के दौरान घर में रहें। हाथों को बारबार साबुन से साफ करें। खांसते और छींकते समय रुमाल का प्रयोग करें।

यदि अति आवश्यक हो तो बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें। सामाजिक दूरी बनाए रखें ।चेहरे को बारबार न छुएं। सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सामाजिक दूरी इस रोग की सबसे कारगर सावधानी है। इसके अलावा यदि खांसी, जुखाम, बुखार आदि के लक्षण प्रतीत हों तो शीघ्र डॉक्टर से संपर्क करें या हेल्पलाइन पर फोन करें। डॉ गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर कोरोना महामारी के खिलाफ व्यापक तैयारी एवं सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। विश्वविद्यालय परिसर में साफसफाई की पूर्ण व्यवस्था है। कैंपस को सैनिटाइज किया गया है।अति आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारियों को मास्क सैनिटाइजर आदि उपलब्ध कराए गए हैं। इस कार्य में संपत्ति अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया विशेष सहयोग दे रहे हैं। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह सभी शिक्षकों से अपील कर चुके हैं।

वूमेन एक्सप्रेस
www.womenexpress.in Email: thewomenexpress@gmail.com
Women Express tv
• वर्ष 8 • अंक 53 • हिन्दी दैनिक • नई दिल्ली गुरुवार 16 अप्रैल 2020 • पृष्ठ 8 • मूल्य 1 रुपया • डाक पंजीयन DL (E)-20/5448/2017-19

कोरोना से साक्षात्कार

तुम कौन हो कोरोना?
क्यों और कहाँ से आये हो?
क्यों मानवता के भक्षक बने हो?
आसुरी शक्तियों के रक्षक बने हो।
तुम प्रकृति की उपज हो या
मानव का अनुसंधान हो।
या विधाता का गढ़ा हुआ कोई अन्तरिम विधान हो।
तुम काल हो, विकराल हो।
मानवता के समक्ष एक बड़ा सवाल हो।
बताओ, तुम कौन हो?
रे पाखडी, दम्भी मानव,
दया, धर्म, परोपकार एवं प्रेम को सरे आम बेचते हो।
हिंसा, अधर्म एवं अन्याय के बाग को वासना के जल से सींचते हो।
मानवता एवं विश्व बंधुत्व तेरा स्वार्थ यन्त्रा है।
लोलुपता और आधिपत्य तेरा मूल मन्त्रा है।
मानवता के विनाश के आरोप मुझ पर लगाते हो।
जो तुमने पृथ्वीजनो के लिए किया, वह भूल जाते हो।
कितने युद्ध किये, कितने निंदोषों को मारा है।
कितने धर्म गढे है तुमने,कितने लोगों को तारा है।
हे मानव, तुझे ईश्वर ने बनाया है।
प्रकृति के साथ सुखपूर्वक जीना सिखाया है।
अब तू ईश्वर को बना रहा है।
धर्म के नाम पर ईश्वर को खंडित किया है।
छलकपट से स्वयं की महिमा को मंडित किया है।
प्रकृति को अपने स्वार्थ हेतु दूषित किया है।
धन/सत्ता लोभ हेतु जन साधारण को शोषित किया है।
मै कौन हूँ, तू जान।
मै प्रकृति का एक सूक्ष्म संशोधन हूँ।
मानवता के लिए आत्मबोधन हूँ।
यद्यपि कतिपय चेतनशील जनों से संतुलन बना है।
पर भावी मानवजाति के आकाश में कोहरा घना है।
जीवन के मापदण्डों को बदल, तूने एक अहंकारी जीवन जिया है।
यह समय की चेतावनी है,
यह प्रकृति की अदृश्य प्रतिक्रिया है।
यह सुनकर मेरी आत्मा हिल गयी।
और अर्द्धरात्रि में मेरी नींद खुल गयी।

डॉ0 अरुण कुमार गुप्ता
सम्प्रति कुलसचिव
उ. प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

दैनिक जागरण
Prayagraj, Thursday, 16 April 2020
PRAYAGRAJ EDITION
www.inextlive.com
कोरोना की जंग में जीतेगा इंडिया | 05
सभी को देखनी चाहिए 'अनबिलीवेबल' | 07

सेफ्टी और हौसले का संदेश

टैलेंट अनलॉक्ड

prayagraj@inext.co.in

एक तरफ कोरोना वॉरियर्स हॉस्पिटल्स और सड़कों पर इससे लड़ाई में जुटे हुए हैं. वहीं दूसरी तरफ लॉकडाउन का पालन करते हुए घरों में बैठे हुए लोग भी उनका हौसला बढ़ा रहे हैं. कोई पेंटिंग्स से मैसेज दे रहा है तो कोई अपनी कविता से मनोबल बढ़ा रहा है.

कोरोना से साक्षात्कार

तुम कौन हो कोरोना?
क्यों और कहां से आए हो?
क्यों मानवता के भक्षक बने हो?
आसुरी शक्तियों के रक्षक बने हो.
तुम प्रकृति की उपज हो या मानवता का अनुसंधान हो?
या विधाता का गढ़ा हुआ कोई अंतरिम विधान हो
तुम काल हो, विकराल हो
मानवता के समक्ष एक बड़ा सवाल हो
बताओ, तुम कौन हो?
रे पाखंडी, दंभी मानव
दया, धर्म, परोपकार, एवं प्रेम को सरेआम बेचते हो
हिंसा, अधर्म एवं अन्याय के बाग को वासना को जल से सींचते हो
मानवता एवं विश्व बंधुत्व तेरा स्वार्थ यंत्र है
लोलुपता और आधिपत्य तेरा मूल मंत्र है
मानवता के विनाश के आरोप मुझपर लगाते हो
जो तुमने पृथ्वीजनों के लिए किया, वह भूल जाते हो.
कितने दिन युद्ध किए, कितने निर्दोषों को मारा है
कितने धर्म गढ़े है तुमने, कितने लोगों को तारा है
हे मानव, तुझे ईश्वर ने बनाया है
प्रकृति के साथ सुखपूर्वक जीना सिखाया है
अब तू ईश्वर को बना रहा है
धर्म के नाम पर ईश्वर खंडित किया है
छल-कपट से स्वयं की महिमा को मंडित किया है
प्रकृति को अपने स्वार्थ हेतु दूषित किया है
धन/सत्ता लोभ हेतु जन साधारण को शोषित किया है
मैं कौन हूं तू जान
मैं प्रकृति का एक सूक्ष्म संशोधन हूं
मानवता के लिए आत्मबोधन हूं
यद्यपि कतिपय चेतनशील जनों से संतुलन बना है
पर भावी मानव जाति के आकाश मे कोहरा घना है
जीवन के मापदंडों को बदल
तूने एक अहंकारी का जीवन जिया है
यह समय की चेतावनी है
यह प्रकृति की अदृश्य प्रतिक्रिया है
यह सुनकर मेरी आत्मा हिल गई
और अर्द्धरात्रि मे मेरी नींद खुल गई

डॉ. अरुण कुमार गुप्ता
कुलसचिव, उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

कुदरत का खेल

क्या कुदरत ने अजब खेल खेला
कई पुरानी परंपराओं को इसने जीवन मे फिर ढकेला
जो मनुष्य पुरानी परंपराओं को भूल चुका
आज कुदरत ने उसे फिर याद दिलाया
पिंजड़े मे कैदकर रखा था कितनी जिंदगियों को
आज हमें ही कैद कर डाला
ये सड़कें, ये गलियां जो कभी भरी हुई रहती थी
आज इसे ही टापू बना डाला
जैसे थम सी गई हो जिंदगी
वक्त का पल एक सा नया हो
वीरान हो गई ये सड़कें
शायद अब वे खुश होंगे
नदिया, आसमान, वायु
जिसे हम प्रदूषित कर चुके थे
शायद अपने मन ही मन में खुश होंगे
जिनकी चेहरों की मुस्कान हमेशा के लिए चली गई थी
वे प्रकृति को धन्यवाद दे रहे होंगे
हे प्रिये जो तूने अजब खेल खेला
शायद इसी खेल ही हमें वर्षों से दरकार थी
आज हमें पूरी खुशी मिली.

शशांक पाठक

UPRTOU
मुक्त चिंतन
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
MUKTA CHINTAN
A News Bulletin of U. P. Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj
"हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ"
अप्रैल 2020 मंगलवार 14 अप्रैल 2020

इलाहाबाद गुरुवार 16 अप्रैल 2020
अमृत कलश टाइम्स
वर्ष : 13
अंक : 219
पृष्ठ- 4, मूल्य:- एक रुपया

आरोग्य सेतु एप अपनाएं मुविवि के शिक्षक-कुलसचिव

प्रयागराज। देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व कोरोना विषाणु जनित महामारी से जूझ रहा है, क्योंकि इस बीमारी का अभी तक कोई प्रमाणिक इलाज या औषधि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इसके प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अत्यंत जरूरी है। इसी क्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन के लॉक डाउन की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने 3 मई 2020 तक बढ़ा दिया है। उन्होंने सभी भारत वासियों से अपील की है कि सभी देशवासी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें तथा अपने सहयोगियों से भी अपील करें कि वह भी आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों, शिक्षकों, परामर्शदाताओं सहित विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे आरोग्य सेतु से जुड़ें और अन्य लोगों को भी जोड़कर कोरोना महामारी के विरुद्ध जागरूकता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कुलसचिव डॉ गुप्त ने अपील

की है कि लॉक डाउन के दौरान घर में रहें। हाथों को बार-बार साबुन से साफ करें। खांसते और छींकते समय रुमाल का प्रयोग करें। यदि अति आवश्यक हो तो बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें। सामाजिक दूरी बनाए रखें ।चेहरे को बार-बार न छुएं। सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सामाजिक दूरी इस रोग की सबसे कारगर साकधानी है। इसके अलावा यदि खांसी, जुखाम, बुखार आदि के लक्षण प्रतीत हों तो शीघ्र डॉक्टर से संपर्क करें या हेल्पलाइन पर फोन करें। डॉ गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर कोरोना महामारी के खिलाफ व्यापक तैयारी एवं सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। विश्वविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था है। कैंपस को सैनिटाइज किया गया है।अति आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारियों को मास्क सैनिटाइजर आदि उपलब्ध कराए गए हैं। इस कार्य में संपत्ति अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह भदौरिया विशेष सहयोग दे रहे हैं।

मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह सभी शिक्षकों से अपील कर चुके हैं कि वह घर से ही छात्रों की समस्याओं काऑनलाइन निस्तारण करें और यूट्यूब के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करते रहें।

हिन्दी दैनिक
इलाहाबाद एक्सप्रेस
सच का आधार

आरोग्य सेतु ऐप अपनाएं मुविवि के शिक्षक : कुलसचिव

प्रयागराज (हि.स.)। आज हमारा देश ही नहीं वरन सम्पूर्ण विश्व कोरोना विषाणु जनित महामारी से जूझ रहा है, क्योंकि इस बीमारी का अभी तक कोई प्रमाणिक इलाज या औषधि उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इसके प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अत्यंत जरूरी है।

इसी क्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 दिन के लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसे तीन मई तक बढ़ा दिया है। उन्होंने सभी भारतवासियों से अपील की है कि सभी देशवासी आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करें तथा अपने सहयोगियों से भी अपील करें कि वह भी आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करें। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि प्रयागराज के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों, शिक्षकों, परामर्शदाताओं सहित विवि के सभी कर्मचारियों से अपील की है कि वे आरोग्य सेतु से जुड़ें और अन्य लोगों को भी जोड़कर कोरोना महामारी के विरुद्ध जागरूकता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने अपील की है कि सामाजिक दूरी बनाए रखें। सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। सामाजिक दूरी इस रोग की सबसे कारगर सावधानी है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि विवि स्तर पर कोरोना महामारी के खिलाफ व्यापक तैयारी एवं सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं। विवि परिसर में साफ सफाई की पूर्ण व्यवस्था है। कैंपस को सैनिटाइज किया गया है।अति आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारियों को मास्क सैनिटाइजर आदि उपलब्ध कराए गए हैं। इस कार्य में संपत्ति अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह भदौरिया विशेष सहयोग दे रहे हैं। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह सभी शिक्षकों से अपील कर चुके हैं कि वह घर से ही छात्रों की समस्याओं काऑनलाइन निस्तारण करें और यूट्यूब के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करते रहें।

दैनिक कर्मठ
राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित
वर्ष : 05 अंक : 115 प्रयागराज, गुरुवार, 16 अप्रैल 2020 विक्रम संवत 2076 प्रातः संस्करण ईमेल -dainikkarmath@gmail.com पृष्ठ : 08 मूल्य : 1/ रुपया

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय 3 मई तक बंद

प्रयागराज।उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को 3 मई तक बंद कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉकडाउन की अवधि 3 मई तक बढ़ाने के निर्णय के अनुपालन में विश्वविद्यालय को आगामी 3 मई तक बंद कर दिया गया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की है कि लॉकडाउन की इस अवधि में वे अपना मोबाइल फोन ऑन रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनसे तत्परता से संपर्क स्थापित किया जा सके।

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय 3 मई तक बंद रहेगा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय को 3 मई तक बंद कर दिया गया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने दी। लॉकडाउन की अवधि 3 मई तक बढ़ाने के निर्णय के अनुपालन में विश्वविद्यालय को आगामी 3 मई तक बंद कर दिया गया है। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की है कि लॉकडाउन की इस अवधि में वे अपना मोबाइल फोन ऑन रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनसे तत्परता से संपर्क स्थापित किया जा सके।

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

दिनांक 18 अप्रैल, 2020

अपील

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षार्थियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों से आरोग्य सेतु एप अपनाने हेतु अपील

कोरोना को हराना है — दैनिक जागरण www.jagran.com

लॉकडाउन में टॉप पर आरोग्य सेतु एप, ये हैं फायदे

कोविड-19 से निपटने के लिए लॉकडाउन के अलावा सरकारी स्तर पर कई तरह के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कि लोगों को इस वैश्विक महामारी से बचाया जा सके। ऐसी ही एक कोशिश है आरोग्य सेतु एप। केंद्र सरकार के मुताबिक यह एप कोरोना संक्रमण से बचाव में मदद करता है। यही कारण है कि एंड्राइड और एप्पल प्ले स्टोर्स से आरोग्य सेतु एप को सबसे ज्यादा डाउनलोड किया गया है। 24 मार्च को देश में लॉकडाउन लागू किया गया। जिसके बाद 3 अप्रैल को यह एप लांच किया गया। अब तक आरोग्य एप को 5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। वहीं देश में 8 से 14 अप्रैल के मध्य इस एप को 55 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया गया। इसके जरिए आप आसपास कोरोना संक्रमित व्यक्ति के होने का पता कर सकते हैं। दूसरे स्थान पर जूम रहा जिसे 42 लाख लोगों ने डाउनलोड किया है।

5 करोड़
आरोग्य एप को अब तक इतने से ज्यादा बार किया गया डाउनलोड

इस तरह काम करता है यह एप

आरोग्य एप पूरी तरह से फ्री एप है। इसे एप्पल या एंड्राइड प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के बाद आपको अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर करना होगा। इसके बाद उस नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे दर्ज करने के बाद ही आप इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके बाद कुछ जरूरी सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें उम्र, विदेश यात्रा का इतिहास और सर्दी, जुखाम और खांसी जैसे लक्षण होने के बारे में पूछा जाएगा। साथ ही एप के जरिए डायबिटीज और हाइपरटेंशन से जुड़े सवाल भी पूछे जाते हैं। इस एप के जरिए शारीरिक दूरी रखने के बारे में जानकारी दी जाएगी और इसके तरीकों को भी समझाया जाएगा। साथ ही कोरोना संक्रमण के मामलों की ताजा स्थिति के बारे में भी जानकारी मिलती रहेगी।

सबसे ज्यादा डाउनलोड हुआ आरोग्य एप

एंड्रॉयड और एप्पल स्टोर के आंकड़ों के अनुसार, आरोग्य सेतु एप को 8 अप्रैल से 14 अप्रैल के मध्य 55 लाख लोगों ने डाउनलोड किया है। वहीं पर वीडियोचैट और कांफ्रेंस एप जूम को डाउनलोड करने वालों की संख्या 42 लाख है। आरोग्य एप संक्रमण की कड़ी को तोड़ने की कोशिश है, वहीं जूम को डाउनलोड करने के पीछे घरों में बैठे भारतीयों द्वारा शारीरिक दूरी बनाए रखते हुए सामाजिक दूरी को कम करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही घर से काम करने वाले लोग भी जूम के जरिए ऑफिस से जुड़े हुए हैं। जूम पिछले महीनों में सबसे ज्यादा डाउनलोड किया गया है। इसे महीने भर में करीब एक करोड़ 20 लाख लोगों से ज्यादा ने डाउनलोड किया है। साथ ही खुद को व्यस्त रखने की कोशिश में लूडो किंग, कैरम पूल और टिकटॉक जैसे एप भी बड़ी संख्या में डाउनलोड किए गए हैं। प्राइरी डाटा के अनुसार, वीडियो शेयरिंग एप यूवीडियो को सप्ताह भर में 21 लाख और गूगल पे को 22 लाख लोगों ने डाउनलोड किया है।

कोरोना संक्रमित से बचाव

इस एप की सबसे बड़ी खासियत है कि यह पता लगा सकता है कि आप किसी कोरोना संक्रमित रोगी अथवा कोरोना संक्रमण का शक होने वाले किसी व्यक्ति के पास तो नहीं है। इसके लिए आपको लोकेशन और ब्लूटूथ को ऑन रखना होगा। साथ ही लोकेशन शेयरिंग को ऑलवेज पर सेट करना होगा। इसके अतिरिक्त यदि आप किसी कोविड-19 संक्रमित व्यक्ति से मिले हैं तो एप के माध्यम से आपको निर्देश दिए जाएंगे। यदि आपको सेल्फ आइसोलेट होने की आवश्यकता है या आपमें लक्षण विकसित होते हैं तो यह एप आपकी सहायता करेगा।

मदद के लिए भी बढ़ा सकते हैं हाथ

इस एप पर आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप जरूरत के वक्त स्वयंसेवक के रूप में अपनी सेवाएं देना पसंद करेंगे? आप यदि मदद करना चाहते हैं तो हां कर सकते हैं। साथ ही इस बीमारी से लड़ने के लिए आर्थिक मदद देना चाहते हैं तो इस एप पर जाकर पीएम केयर्स में आर्थिक मदद कर सकते हैं।

स्वास्थ्य और वीडियो चैट डाउनलोड में रहे आगे

(8 से 14 अप्रैल के मध्य के आंकड़े)

आरोग्य सेतु	55
जूम	42
लूडो किंग	38
कैरम पूल	28
टिक टॉक	26
गूगल पे	22
यूवीडियो	21
वॉट्सएप	18

(आंकड़े लाखों में)
एप्पल और एंड्राइड स्टोर के अनुसार आंकड़े

साभार
दैनिक जागरण

मेरी आप सभी से अपील है कि आप अपनी सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु **आरोग्य सेतु एप** अवश्य डाउनलोड करें।

भवदीय

(प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह)
कुलपति,
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्याल, प्रयागराज

www.anandimail.in

आनंदी मेल

वर्ष-11 अंक- 220 (हिन्दी दैनिक) लखनऊ, सोमवार, 20 अप्रैल 2020 R.N.I No.UPHIN/2009/29300 पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रुपए

यूपीआरटीयू : कोरोना से बचाव को क्षेत्रीय केंद्र चलाएं जन जागरूकता अभियान

संवाददाता, प्रयागराज। वर्तमान समय में न केवल भारत वरन संपूर्ण विश्व कोरोना वायरस कोविड - 19 के संकट से जूझ रहा है। अमेरिका, इटली, स्पेन, फ्रांस आदि पश्चिमी देशों ने इसके सामने घुटने टेक दिए हैं। इन देशों में इस महामारी ने विकराल रूप धारण कर लिया है इस महामारी से सुरक्षा एवं बचाव का एकमात्र साधन सामाजिक दूरी बनाए रखना है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस से निजात दिलाने के लिए 3 मई तक संपूर्ण भारत में लॉकडाउन घोषित किया है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने भी अपने स्तर पर इसके प्रसार को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मुक्त विश्वविद्यालय के प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, झांसी, आगरा, अयोध्या, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर एवं आजमगढ़ में स्थापित 12 क्षेत्रीय केंद्रों के क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने स्तर पर लोगों को जागरूक बनाने के लिए अपील करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में स्थापित लगभग 1000 सक्रिय अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों को भी जागरूकता कार्यक्रम में शामिल करने के लिए कहा गया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह एवं कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्त ने सभी क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों एवं अध्ययन केंद्र समन्वयकों से अपील की है कि वे सरकार के बनाए नियमों का पालन करें। संकट की इस घड़ी में धैर्य रखें और दूसरों को भी घर में रहने तथा सामाजिक दूरी बनाए रखने के प्रति जागरूक करें। जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं शिक्षकों से अनुरोध किया कि वह छात्र-छात्राओं को भी जन जागरूकता के लिए प्रेरित करें तथा आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करके इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने इस महासंग्राम के सच्चे योद्धा एवं देश सेवा में जान की बाजी लगाने वाले चिकित्सकों, पुलिस बल के जवानों, प्रशासनिक अधिकारियों, सफाई कर्मियों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि "हम सबका बस एक ही नारा, कोरोना मुक्त हो देश हमारा है।

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

लखनऊ, सोमवार, 20 अप्रैल, 2020

क्षेत्रीय केंद्र चलाएं जन जागरूकता अभियान

मुक्त विश्वविद्यालय ने केंद्र समन्वयकों से की अपील

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

वर्तमान समय में न केवल भारत वरन संपूर्ण विश्व कोरोना वायरस के संकट से जूझ रहा है। अमेरिकाए इटलीए स्पेनए फ्रांस आदि पश्चिमी देशों ने इसके सामने घुटने टेक दिए हैं। इन देशों में कोरोना महामारी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। महामारी से सुरक्षा एवं बचाव का एकमात्र साधन सामाजिक दूरी बनाए रखना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस से निजात दिलाने के लिए 3 मई तक संपूर्ण भारत में लॉकडाउन घोषित किया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने अपने स्तर पर इसके प्रसार को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मुक्त विश्वविद्यालय के प्रयागराज लखनऊ बरेली वाराणसी गोरखपुर कानपुर झांसी आगरा अयोध्या मेरठ गौतमबुद्ध नगर एवं आजमगढ़ में स्थापित 12 क्षेत्रीय केंद्रों के क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने स्तर पर लोगों को जागरूक बनाने के लिए अपील करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में स्थापित लगभग एक हजार सक्रिय अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों को भी जागरूकता कार्यक्रम में शामिल करने के लिए कहा गया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह एवं कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्त ने क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों एवं अध्ययन केंद्र समन्वयकों से अपील की है कि वे सरकार के बनाए नियमों का पालन करें। संकट की घड़ी में धैर्य रखें और दूसरों को भी घर में रहने तथा सामाजिक दूरी बनाए रखने के प्रति जागरूक करें। जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं शिक्षकों से अनुरोध किया कि वह छात्र.छात्राओं को भी जन जागरूकता के लिए प्रेरित करें तथा आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करके अभियान को सफल बनाएं। इस महासंग्राम के सच्चे योद्धा एवं देश सेवा में जान की बाजी लगाने वाले चिकित्सकों पुलिस बल के जवानों प्रशासनिक अधिकारियों सफाई कर्मियों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।

प्रयागराज, सोमवार 20, अप्रैल, 2020

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

मुक्त विवि क्षेत्रीय केंद्रों पर चलाएगा जन जागरूकता अभिययान

संवाददाता, प्रयागराज। आज न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व कोरोना वायरस कोविड - 19 के संकट से जूझ रहा है। अमेरिका, इटली, स्पेन, फ्रांस आदि पश्चिमी देशों ने इसके सामने घुटने टेक दिए हैं। इन देशों में इस महामारी ने विकराल रूप धारण कर लिया है इस महामारी से सुरक्षा एवं बचाव का एकमात्र साधन सामाजिक दूरी बनाए रखना है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस से निजात दिलाने के लिए 3 मई तक संपूर्ण भारत में लॉकडाउन घोषित किया है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने भी अपने स्तर पर इसके प्रसार को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मुक्त विश्वविद्यालय के प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, झांसी, आगरा, अयोध्या, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर एवं आजमगढ़ में स्थापित 12 क्षेत्रीय केंद्रों के क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने स्तर पर लोगों को जागरूक बनाने के लिए अपील करें। डॉ गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में स्थापित लगभग 1000 सक्रिय अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों को भी जागरूकता कार्यक्रम में शामिल करने के लिए कहा गया है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह एवं कुलसचिव डॉ अरुण कुमार गुप्त ने सभी क्षेत्रीय केंद्र समन्वयकों एवं अध्ययन केंद्र समन्वयकों से अपील की है कि वे सरकार के बनाए नियमों का पालन करें। संकट की इस घड़ी में धैर्य रखें और दूसरों को भी घर में रहने तथा सामाजिक दूरी बनाए रखने के प्रति जागरूक करें। जरूरतमंदों की मदद करें। वह छात्र-छात्राओं को भी जन जागरूकता के लिए प्रेरित करें तथा आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करके इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने इस महासंग्राम के सच्चे योद्धा एवं देश सेवा में जान की बाजी लगाने वाले चिकित्सकों, सफाई कर्मियों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

hindustantimes

HINDUSTAN TIMES, LUCKNOW
MONDAY, APRIL 20, 2020

UPRTOU EXTENDS LAST DATE FOR BED APPLICATION

PRAYAGRAJ: Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University (UPRTOU), Prayagraj has again extended the date of application for BEd and BEd (Special Education) entrance examination till May 10. Prof Prem Prakash Dubey, coordinator BEd/BEd special education entrance examination-2020, said that last date for entrance examination and registration, and fee challan receipt/online fee transfer has been extended. Also, the last date for online application has been increased from April 30 to May 15. He said that similarly the last date for sending the hard copy of online application form has been increased from May 10 to May 20.

दैनिक कर्मठ

राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित

वर्ष : 05 अंक : 119 प्रयागराज, सोमवार, 20 अप्रैल 2020 विक्रम संवत 2076 प्रात: संस्करण ईमेल -dainikkarmath@gmail.com पृष्ठ : 08 मूल्य : 1/ रुपया

मुक्त विश्वविद्यालय की बीएड प्रवेश परीक्षा की तिथि बढ़ाई गई

– दोबारा लाक डाउन बढ़ने से विवि प्रशासन ने लिया निर्णय

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा 2020 के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि एक बार फिर और आगे बढ़ा दी गई है। कोरोना जनित विश्वव्यापी महामारी की वजह से देश में लॉकडाउन की अवधि दूसरी बार 3 मई 2020 तक बढ़ाए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। बी एड्यबी एड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा 2020 के समन्वयक प्रो प्रेम प्रकाश दुबे ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण एवं शुल्क चालान प्राप्तिऑनलाइन शुल्क ट्रांसफर की अंतिम तिथि अब 10 मई तक बढ़ा दी गई है। वहीं ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 15 मई कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में प्रेषित करने की अंतिम तिथि 10 मई से बढ़ाकर 20 मई कर दी गई है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण कराने एवं शुल्क जमा करने में असुविधा होने के कारण प्रदेशभर के अभ्यर्थियों के आग्रह पर पूर्व निर्धारित तिथियों को पुनः विस्तारित करने की स्वीकृति प्रदान की। अब इन दोनों कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक प्रदेशभर के अभ्यर्थी 10 मई तक ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवेदन एवं योग्यता से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट नचतजवन.ब.पद पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा संबंधी अन्य तिथियां बाद में यथा समय घोषित की जाएंगी। डॉ मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों से अपनी सुरक्षा तथा राष्ट्र की सुरक्षा हेतु आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करने की अपील की है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि कोरोना को हराने के लिए आरोग्य सेतु एप अपनाना जरूरी है।

मुक्त चिंतन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित)

हम पहुंचे वहां पहुंचा न कोई जहां

20 अप्रैल, 2020

मुक्त विश्वविद्यालय में
कोविड–19
कोरोना जागरूकता कार्यक्रम का पाठ्यक्रम संचालित

माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

मुविवि में कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम

अप्रत्याशित विश्वव्यापी महामारी कोविड–19 के प्रति जनसामान्य को जागरूक कारने की दृष्टि से उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा **कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम** चलाया जायेगा। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि आकस्मिक रूप से आई विश्वव्यापी यह महामारी आपदा प्रबन्धन की एक सर्वथा नई आयाम है, जिसके बारे में किसी को कोई कल्पना नहीं रही। परन्तु अब इस आकस्मिक महामारी ने भविष्य में इस प्रकार की महामारियों के आपद काल में पुष्ट प्रबन्धन के लिए सभी को सोचने को बाध्य कर दिया है। ज्ञातव्य है कि चीन के बुहान प्रान्त से प्रारम्भ यह बीमारी अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखी है एवं संक्रमित लोगों तथा काल कवलित हो रहे लोगों की संख्या रूकने का नाम नही ले रही है। इन देशों से अलग हटकर सूझबूझ एवं दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारत ने अभिनव प्रबन्धन करके आपदा प्रबन्धन को एक नया आयाम दिया है। कोविड–19 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कोरोना वायरस परिचय, कोरोना वायरस का इतिहास विकास, कोरोना का भौगोलिक, राजनैतिक आर्थिक आयाम तथा कोविड–19 आपदा प्रबन्धन आदि तथ्य प्रमुखता से रखे जायेंगे। कोविड–19 कोरोना जागरूकता कार्यक्रम का पाठ्यक्रम स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा द्वारा संचालित होगा तथा इसकी अवधि तीन माह होगी।

प्रयागराज, मंगलवार
21 अप्रैल 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 12

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

केंद्र ने अपने हाथ में लिए चार राज्यों के 11 जिले 7
झुग्गियों के लिए शर्मिंदा हों डेवलपर : रतन टाटा 7

कोरोना को हराना है

4
दैनिक जागरण
प्रयागराज, 21 अप्रैल 2020
www.jagran.com

नए सत्र से पढ़ेंगे कोविड-19 का पाठ

सभी अध्ययन केंद्रों पर दाखिला ले सकेंगे शिक्षार्थी, कार्य परिषद बैठक में लिया निर्णय

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : चीन के वुहान से फैले महामारी कोविड-19 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया है। 15 मई से शुरू होने वाले नए सत्र से उत्तर प्रदेश के सभी अध्ययन केंद्रों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। तीन माह के जागरूकता पाठ्यक्रम को कई हिस्सों में बांटा गया है।

कुलपति ने बताया कि आकस्मिक रूप से आई विश्वव्यापी महामारी आपदा प्रबंधन का नया आयाम है, इसके बारे में किसी को कोई कल्पना नहीं रही। चीन के वुहान से फैली यह बीमारी अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखा है। ऐसे में इसके बारे में लोगों को अधिक जानकारी देने के लिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। देशभर में लॉकडाउन के चलते इस प्रकरण को विद्वत परिषद और कार्य परिषद में भी नहीं ले जाया जा सका। ऐसे में कुलपति ने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए ई-कान्फ्रेंस कर सदस्यों से इस पर प्रस्ताव मांगा।

03 माह का जागरूकता पाठ्यक्रम चलाने का भी लिया निर्णय

15 मई से शुरू कर दी जाएगी दाखिले की प्रक्रिया

15 मई से उत्तर प्रदेश के सभी अध्ययन केंद्रों में दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। पाठ्यक्रम में कोरोना वायरस परिचय, कोरोना वायरस का इतिहास और विकास, कोरोना का भौगोलिक, राजनैतिक व आर्थिक आयाम तथा कोविड-19 आपदा प्रबंधन आदि प्रमुखता से पढ़ाए जाएंगे। कोविड-19 कोरोना जागरूकता कार्यक्रम का पाठ्यक्रम स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा की ओर से संचालित होगा।

यूपीआरटीओयू - फोटो : UPRTOU

"अप्रत्याशित विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए विश्वविद्यालय ने नया पाठ्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है।
प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह, कुलपति

दैनिक कर्मठ

राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित

प्रयागराज, मंगलवार, 21 अप्रैल 2020 विक्रम संवत 2076 प्रातः संस्करण ईमेल -dainikkarmath@gmail.com पृष्ठ : 08

मुक्तविवि में संचालित होगा कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम

प्रयागराज।अप्रत्याशित विश्वव्यापी महामारी कोविड – 19 के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम चलाया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने दी। प्रोफेसर सिंह ने बताया कि आकस्मिक रूप से आई विश्वव्यापी यह महामारी आपदा प्रबंधन की एक सर्वथा नए आयाम है। जिसके बारे में किसी को कोई कल्पना नहीं रही, परंतु अब इस आकस्मिक महामारी ने भविष्य में इस प्रकार की महामारियों के आपदकाल में पुष्ट प्रबंधन के लिए सभी को सोचने को बाध्य कर दिया है। ज्ञातव्य है कि चीन के वुहान प्रांत से प्रारंभ इस बीमारी ने अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखा है एवं संक्रमित लोगों तथा काल कवलित हो रहे लोगों की संख्या रुकने का नाम नहीं ले रही है। इन देशों से अलग हटकर सूझबूझ एवं दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारत ने अभिनव प्रबंधन करके आपदा प्रबंधन को एक नया आयाम दिया है। कोविंद –19 पाठ्यक्रम के अंतर्गत कोरोना वायरस परिचय, कोरॉना वायरस का इतिहास, विकास, कोरोना का भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक आयाम तथा कोविद 19 आपदा प्रबंधन आदि तथ्य प्रमुखता से रखे जाएंगे। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा संचालित किया जाएगा। इसकी अवधि 3 माह होगी।

अमर उजाला

अमर उजाला प्रयागराज युवा 5

मुक्त विवि में होगी कोविड-19 की पढ़ाई

प्रयागराज(ब्यूरो)। वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रति जन सामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम चलाया जाएगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने दी।

कुलपति ने तीन माह का जागरूकता पाठ्यक्रम शुरु करने का लिया निर्णय

कुलपति का कहना है कि चीन के वुहान प्रांत से फैली इस बीमारी ने अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखा है। संक्रमित लोगों और इससे मरने वालों की संख्या रुकाने का नाम नहीं ले रही है। इन देशों से अलग हटकर सूझबूझ एवं दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारत ने आपदा प्रबंधन को नया आयाम दिया है। प्रो. सिंह ने बताया कि कोविड-19 पाठ्यक्रम के तहत कोरोना वायरस परिचय, कोरोना वायरस का इतिहास, विकास, कोरोना को भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक आयाम, कोविड-19 आपदा प्रबंध आदि तथ्य प्रमुखता से रखे जाएंगे।

मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा की ओर से संचालित किया जाएगा।

आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान 21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.49 सूर्यास्त 06.51

लखनऊ, बरेली व मुरादाबाद से प्रकाशित

अमृत विचार

वर्ष 30, अंक 121, पृष्ठ 12, मूल्य : 2 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अमेरिका: एक दिन में सामने आए संक्रमण के 26,800 नए मामले...11

लखनऊ, मंगलवार, 21 अप्रैल 2020
www.amritvichar.com

पेंटिंग के साथ खाना बनाना सीख रहीं निशानेबाज मोदगिल..12

यूपीआरटीओयू शुरू करेगा कोविड-19 पाठ्यक्रम

तीन माह का होगा सिलेबस, प्रोफेसर तैयारी में जुटे, कुलपति प्रो. कामेश्वरनाथ सिंह ने दी जानकारी

अमृत विचार लखनऊ

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन यूनिवर्सिटी (यूपीआरटीओयू) कोविड—19 का पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से पाठ्यक्रम तैयार किए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्वव्यापी महामारी कोविड – 19 के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने की दृष्टि से कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम शुरू किया जायेगा। अधिकारियों के मुताबिक आकस्मिक रूप से आयी विश्वव्यापी यह महामारी आपदा प्रबंधन की एक सर्वथा नए आयाम है। जिसके बारे में किसी को कोई कल्पना नहीं रही, परंतु अब इस आकस्मिक महामारी ने भविष्य में इस प्रकार की महामारियों के आपदकाल में पुष्ट प्रबंधन के लिए सभी को सोचने को बाध्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि चीन के वुहान प्रांत से शुरू हुई इस बीमारी ने अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखा है एवं संक्रमित लोगों तथा जान से हाथ धो रहे लोगों की संख्या रुकने का नाम नहीं ले रही है।

इस तरह का होगा पाठ्यक्रम

इस बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कोविड – 19 पाठ्यक्रम के अंतर्गत कोरोना वायरस परिचय, कोरोना वायरस का इतिहास, विकास, कोरोना का भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक आयाम तथा कोविद 19 आपदा प्रबंधन आदि तथ्य प्रमुखता से रखे जाएंगे। छात्रों के लिए इस संबंध में कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी।

तीन माह होगी कोर्स की अवधि

मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा संचालित किया जाएगा। इसकी अवधि 3 माह होगी। डॉ मिश्र ने बताया इसके लिए विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल को इस कार्यक्रम का पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ मिश्र ने बताया कि इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के एन सिंह के कुशल निर्देशन में सीएए पर भी 3 महीने का जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया जा चुका है, जो कि पूरे देश में काफी लोकप्रिय हुआ।

विश्वविद्यालय में हमने कोविड—19 का पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रोफेसरों की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है, वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य में फिर ऐसी समस्या से कैसे बचा जाये इस पर विचार करते हुए सिलेबस तैयार किया जा रहा है।

-प्रो. कामेश्वरनाथ सिंह, कुलपति, यूपीआरटीओयू

वेबसाइट पर अपलोड होगा सिलेबस : कोविड—19 संक्रमण से जुड़ा पाठ्यक्रम तैयार होते ही इसे यूपीआरटीओयू की वेबसाइट पर अपलौड किया जायगा। छात्र इसका प्रिंट आउट लेकर पढ़ भी सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पाठ्यक्रम तैयार होते ही इसकी अधिकारिक जानकारी भी दी जायेगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

Home › उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश लखनऊ

यूपीआरटीओयू पढ़ायेगा कोरोना जागरूकता का पाठ्यक्रम

Amrit Vichar - April 20, 2020 4 0

E-PAPER

उ० प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
इलाहाबाद
।। सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ।।

विश्वविद्यालय में हमने कोविड—19 का पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रोफेसरों की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है, वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य में फिर ऐसी समस्या से कैसे बचा जाये इस पर विचार करते हुए सिलेबस तैयार किया जा रहा है।
– प्रो.कामेश्वरनाथ सिंह कुलपति यूपीआरटीओयू

अधिकारियों के मुताबिक आकस्मिक रूप से आयी विश्वव्यापी यह महामारी आपदा प्रबंधन की एक सर्वथा नए आयाम है। जिसके बारे में किसी को कोई कल्पना नहीं रही, परंतु अब इस आकस्मिक महामारी ने भविष्य में इस प्रकार की महामारियों के आपदकाल में पुष्ट प्रबंधन के लिए सभी को सोचने को बाध्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि चीन के वुहान प्रांत से शुरू हुई इस बीमारी ने अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखा है एवं संक्रमित लोगों तथा जान से हाथ धो रहे लोगों की संख्या रुकने का नाम नहीं ले रही है।

तीन माह की होगी अवधि

मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा संचालित किया जाएगा। इसकी अवधि 3 माह होगी। डॉ मिश्र ने बताया इसके लिए विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल को इस कार्यक्रम का पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ मिश्र ने बताया कि इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के एन सिंह के कुशल निर्देशन में सीएए पर भी 3 महीने का जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया जा चुका है, जो कि पूरे देश में काफी लोकप्रिय हुआ।

इस तरह का होगा पाठ्यक्रम

इस बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कोविड -19 पाठ्यक्रम के अंतर्गत कोरोना वायरस परिचय, कोरोंना वायरस का इतिहास, विकास, कोरोना का भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक आयाम तथा कोविद 19 आपदा प्रबंधन आदि तथ्य प्रमुखता से रखे जाएंगे। छात्रों को इस संबंध में कक्षाएं भी शुरू की जायेंगी।

STAR INDIA NEWS 24

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में अब कोरोना पर जागरूकता पाठ्यक्रम

प्रयागराज 20 अप्रैल 2020

कुलदीप शुक्ला स्टार इंडिया न्यूज़ 24

अप्रत्याशित विश्वव्यापी महामारी कोविड – 19 के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम चलाया जाएगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने दी। प्रोफ़ेसर सिंह ने बताया कि आकस्मिक रूप से आई विश्वव्यापी यह महामारी आपदा प्रबंधन की एक सर्वथा नए आयाम है। जिसके बारे में किसी को कोई कल्पना नहीं रही, परंतु अब इस आकस्मिक महामारी ने भविष्य में इस प्रकार की महामारियों के आपदकाल में पुष्ट प्रबंधन के लिए सभी को सोचने को बाध्य कर दिया है।

ज्ञातव्य है कि चीन के वुहान प्रांत से प्रारंभ इस बीमारी ने अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखा है एवं संक्रमित लोगों तथा काल कवलित हो रहे लोगों की संख्या रुकने का नाम नहीं ले रही है। इन देशों से अलग हटकर सूझबूझ एवं दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारत ने अभिनव प्रबंधन करके आपदा प्रबंधन को एक नया आयाम दिया है। कोविंद -19 पाठ्यक्रम के अंतर्गत कोरोना वायरस परिचय, कोरॉना वायरस का इतिहास, विकास, कोरोना का भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक आयाम तथा कोविद 19 आपदा प्रबंधन आदि तथ्य प्रमुखता से रखे जाएंगे। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा द्वारा संचालित किया जाएगा। इसकी अवधि 3 माह होगी। डॉ मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सिंह ने स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा शंकर शुक्ल को इस कार्यक्रम का पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ मिश्र ने बताया कि इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के एन सिंह के कुशल निर्देशन में सी ए ए पर भी 3 महीने का जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया जा चुका है, जो कि पूरे देश में काफी लोकप्रिय हुआ।

ETV भारत उत्तर प्रदेश Uttar Pradesh

ASSAMESE BENGALI ENGLISH GUJARATI HINDI KANNADA

सुर्खियां संक्षेप मेरी पसंद राज्य शहर भारत सितारा

कोरोना का असर: प्रयागराज के राजर्षि टंडन मुक्त विवि. में बीएड आवेदन की तारीख बढ़ी आगे

यूपी के प्रयागराज जिले स्थित राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की बीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तारीख आगे बढ़ा दी गई हैं. प्रवेश के लिए आवेदन और योग्यता से संबंधित पूरी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर उपलब्ध कराई गई है.

प्रयागराजः जिले में लॉकडाउन की वजह से राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा 2020 के लिए प्रवेश परीक्षा की आवेदन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है. कोरोना की वजह से देश में लॉकडाउन की अवधि दूसरी बार 3 मई तक बढ़ाए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है.

इन तिथियों पर कर सकेंगे आवेदन

बीएड, बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा 2020 के समन्वयक प्रो. प्रेम प्रकाश दुबे ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण और शुल्क चालान प्राप्ति ऑनलाइन शुल्क ट्रांसफर की अंतिम तिथि अब 10 मई तक बढ़ा दी गई है. वहीं ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 15 मई कर दी गई है. इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में प्रेषित करने की अंतिम तिथि 10 मई से बढ़ाकर 20 मई कर दी गई है.

10 मई तक करें ऑनलाइन शुल्क जमा

मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण कराने और शुल्क जमा करने में असुविधा होने के कारण प्रदेशभर के अभ्यर्थियों के आग्रह पर पूर्व निर्धारित तिथियों को पुनः विस्तारित करने की स्वीकृति प्रदान की. अब इन दोनों कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक प्रदेशभर के अभ्यर्थी 10 मई तक ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते हैं. प्रवेश के लिए आवेदन और योग्यता से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर उपलब्ध है. इसके साथ ही प्रवेश परीक्षा संबंधी अन्य तिथियों की जानकारी बाद में यथा समय घोषित की जाएंगी.

उत्तर प्रदेश
Uttar Pradesh

ASSAMESE BENGALI ENGLISH GUJARATI HINDI KANNADA

सुर्खियां संक्षेप मेरी पसंद राज्य शहर भारत सितारा

प्रयागराजः राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में कोरोना पर जागरूकता पाठ्यक्रम होगा शुरू

Published :2 hours ago(**Wednesday, April 22, 2020**)

> **उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है. इसकी जानकारी कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने दी.**

प्रयागराजः कोरोना वायरस के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना जागरूकता पाठ्यक्रम चलाया जाएगा. उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने बताया कि इस वायरस के बारे में किसी ने को कोई कल्पना नहीं की थी. इस कोरोना वायरस जैसे महामारी से बचने के लिए जागरूकता पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा.

पाठ्यक्रम में होंगे कोविड-19 का परिचय

कुलपति ने जानकारी देते हुए बताया कि चीन के वुहान प्रांत से शुरू इस बीमारी ने अमेरिका, इटली, स्पेन, ब्रिटेन जैसे देशों में कोहराम मचा रखा है. बीमारी से संक्रमित लोगों और काल कवलित हो रहे लोगों की संख्या रुकने का नाम नहीं ले रही है. इन देशों से अलग हटकर सूझबूझ एवं दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारत ने अभिनव प्रबंधन करके आपदा प्रबंधन को एक नया आयाम दिया है. कोविड 19 पाठ्यक्रम के अंतर्गत कोरोना वायरस परिचय, कोरोना वायरस का इतिहास, विकास, कोरोना का भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक आयाम और कोविड 19 आपदा प्रबंधन आदि प्रमुखता से रखे जाएंगे.

तीन माह का होगा कोर्स

